दिन– शुक्रवार  दिनांक– 07/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।  अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्र में नई सरकार के गठन से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज। एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में।

02. जदयू और लोजपा–रामविलास संसदीय दल की बैठक भी राष्ट्रीय राजधानी में हो रही है आयोजित।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– दसवीं पास करने वाले छात्रों का उसी स्कूल में ही ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन लेना अनिवार्य नहीं।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के दक्षिणी भागों में उमस भरी गर्मी से जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज उत्तरी हिस्सों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नेता अलग–अलग बैठकें कर रहे हैं। आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, लोजपा– आर, शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए संसदीय दल की बैठक से पहले आज सुबह जनता दल यूनाइटेड संसदीय दल की बैठक भी होने वाली है। इस बैठक में पार्टी के सभी नवनिर्वाचित लोकसभा संसादों सहित राज्यसभा सांसद और अन्य नेता शामिल होंगे। नई सरकार में भागीदारी समेत अन्य राजनीतिक मसलों पर चर्चा होगी। वहीं, लोजपा –रामविलास के संसदीय बोर्ड की बैठक भी आज नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समेत सभी सांसद और वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

---

इधर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को मंत्रिमंडल गठन पर एनडीए सहयोगियों के साथ चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। कल श्री

नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकें की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मंडाविया और अश्विनी वैष्णव के साथ–साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े सहित अन्य लोग शामिल हुए। जदयू के कई नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने विपक्षी नेताओं द्वारा उनसे संपर्क किए जाने की खबरों का खण्डन किया है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ऐसे प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति उन्होंने अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है।

———बाईट———

एनडीए की बैठक में सिर्फ हम लोगों ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को पुनः स्वीकारते हुए औपचारिकता निभाई है यह जनादेश पूर्णतः एनडीए के लिए एनडीए के पक्ष के लिए यह जनादेश प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए ऐसे में कोई भी घटक दल इस जनादेश का अपमान नहीं करेगा। मजबूती से हम सब प्रधानमंत्री जी के साथ हैं जल्द सरकार बनेगी और वह 5 साल मजबूती से चलेगी।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चार जून को शेयर बाजार में आई गिरावट की संयुक्त संसदीय समिति –जेपीसी से जांच कराने की मांग की है। नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में श्री गांधी ने कहा कि बाजार में गिरावट के कारण खुदरा निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेता ने जानना चाहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने शेयर बाजार में निवेश करने वाले पांच करोड़ परिवारों को विशेष निवेश सलाह क्यों दी। इस बीच, भाजपा वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने कांग्रेस के दावों का खंडन करते हुए कहा कि राहुल गांधी बाजार के निवेशकों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। श्री गोयल ने दावा किया कि चुनाव परिणाम वाले दिन भी लोगों को फायदा हुआ है। श्री गोयल ने यह भी कहा कि नुकसान विदेशियों को हुआ है जबकि भारतीय निवेशकों को फायदा हुआ है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने नीट यूजी के परिणामों के संबंध में उम्मीदवारों के उठाए हालिया प्रश्नों के संदर्भ में स्पष्टीकरण जारी किया है। इसके तहत नीट–यूजी की कटऑफ में वृद्धि परीक्षा की प्रतिस्पर्धी प्रकृति और इस वर्ष उम्मीदवारों के उच्च

प्रदर्शन मानकों को दर्शाती है। एनटीए ने कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक के पुराने और नए संस्करणों में अंतर के कारण, विषय विशेषज्ञों ने माना कि एक विकल्प के स्थान पर दो विकल्पों को सही माना जाना चाहिए। जिन सड़सठ अभ्यर्थियों को पूरे अंक मिले, उनमें से चौवालीस को भौतिक विज्ञान की एक उत्तर कुंजी में संशोधन के कारण और छह को समय की हानि की भरपाई के लिए अंक मिले हैं। छात्र–छात्राओं की चिंताओं की जांच के लिए गठित शिकायत निवारण समिति ने कहा कि परीक्षा के समय के नुकसान का पता लगाया गया था और ऐसे उम्मीदवारों को उनकी उत्तर देने की दक्षता और बर्बाद हुए समय के आधार पर अंकों के साथ मुआवजा दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण पर समिति ने यह सुनिश्चित किया कि इन केंद्रों पर परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया गया।

---

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत मैट्रिक पास छात्र का उसी स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन लेना अनिवार्य होगा। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद की एकल पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को छात्रों के आवेदन पत्र में दिये गये विकल्प के आधार पर कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन करने के लिए सीट आवंटित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही राज्य सरकार को छह सप्ताह के अंदर जवाबी हल्फनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

---

स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में पैंतालीस हजार पदों पर बहाली करेगा। इसके तहत इक्कीस हजार से अधिक एएनएम और जीएनएम के पद शामिल हैं। इसके अलावा चिकित्सक, नर्स और पारा मेडिकल सहित कई पदों पर नियुक्ति होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बहाली प्रक्रिया को चार महीने में पूरा करने का निर्देश दिया है।

---

राज्य के भोजपुर, गया, लखीसराय, जमुई और पटना समेत बारह जिलों में बयालीस बालू घाटों पर हो रही अनियमितता को देखते हुए राज्य मुख्यालय ने इन स्थानों पर खनन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया गया है। इन सभी बालू घाटों पर निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी बंद पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गयी है। खनन विभाग के सचिव ने इन घाटों पर ई–चालान जारी करने

की प्रक्रिया सीसीटीवी चालू होने तक बंद करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जिलों के खनिज विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

---

प्रदेश के दक्षिणी भागों में शुष्क पहुआ हवा और आर्द्रता में बढ़ोतरी होने से उमस भरी गर्मी से जन–जीवन प्रभावित है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनचालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलने की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

---

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों और मदरसों में दस जून से सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया है। यह व्यवस्था तीस जून तक के लिए निर्धारित है। जारी आदेश के अनुसार मिशन–दक्ष के तहत साढ़े ग्यारह बजे तक वर्ग तीन से आठ तक के विद्यार्थियों और कक्षा नौ से बारह तक के विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षाएं चलेंगी। विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार साढ़े ग्यारह बजे से बारह बजे तक पहली से आठवीं तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाएगा।

---

रेलवे ने नौ जून को आयोजित होने वाली आईटीआई परीक्षा में अभ्यर्थियों के शामिल होने के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना आने के लिए कल रांची, टाटा, रक्सौल, कटिहार और गया से परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। वहीं, मुजफ्फरपुर से छपरा के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

---

लखीसराय जिले के किउल जंक्शन पर खड़ी पटना–जसीडीह मेमू ट्रेन में आग लग गई। इस दौरान इंजन और दो बोगियां आग की चपेट में आ गयी। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में किसी प्रकार की जान–माल की क्षति नहीं हुयी है।

---

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप मे कल रात मेजबान अमरीका ने पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में पांच रनों से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर एक सौ उनसठ रन बनाए। इसके जवाब में अमरीका ने भी निर्धारित बीस ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर स्कोर बराबर कर लिया। टाई होने के बाद सुपर ओवर में अमरीका ने एक विकेट के नुकसान पर अठारह रन बनाए जबकि पाकिस्तान एक विकेट पर तेरह रन ही बना सका। टूर्नामेंट में कनाडा के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने के बाद ग्रुप ए में यह अमरीका की दूसरी जीत है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से होगा।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी दस जून से पटना में महिला कबड्डी लीग का आयोजन किया जाएगा। सोलह जून तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य की छह टीमें भाग ले रही हैं।

---

शिवहर जिले के पुरनहिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। जिले के लौकरिया में नक्सली कैलाश ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। अनुमंडल पुलिस अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर बगहा में विभिन्न मामलों में केस दर्ज है।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र अंतर्गत नशाखुरानी गिरोह के दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने देश में नई सरकार के गठन से पहले एनडीए और इंडी गठबंधन की बैठकों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– मोदी **थ्री–प्वाइंट ओ** के लिए एनडीए आज दावा पेश करेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होगा जदयू।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– बातों–बातों में जदयू ने बताई शर्तें, कहा– यह प्रेशर पॉलिटिक्स नहीं।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– मंत्रालय बंठवारे का फार्मूला लगभग तैयार। जदयू से ललन सिंह, संजय झा, रामनाथ ठाकुर और सुनील कुमार के मंत्री बनने की चर्चा।

**प्रभात खबर** की सुखी है– चुनाव में हार पर उपेन्द्र कुशवाहा बोले– पवन फैक्टर बना या बनाया गया, सबको पता है।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– घटक दलों ने शुरू किया मोल–भाव।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है– आदर्श आचार संहिता समाप्त, अब काम होगा शुरू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. केन्द्र में नई सरकार के गठन से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज। एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में।

02. जदयू और लोजपा–रामविलास संसदीय दल की बैठक भी राष्ट्रीय राजधानी में हो रही है आयोजित।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– दसवीं पास करने वाले छात्रों का उसी स्कूल में ही ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन लेना अनिवार्य नहीं।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के दक्षिणी भागों में उमस भरी गर्मी से जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज उत्तरी हिस्सों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।